हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## चार जोन में बांटकर ट्रैफिक मैनेजमेंट करेंगे

ट्रैफिक पुलिस धनतेरस से लेकर दीपावली तक सोमवार से शहर के प्रमुख बाजारों को चार जोन में बांटकर ट्रैफिक मैनेज करने की बात कह रही है। उक्त क्षेत्रों में आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के अधिकारी कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जिन प्रमुख बाजारों को जोन में बांटा जाएगा, उन क्षेत्रों में बीट अधिकारी तथा पांच-पांच की संख्या में पेट्रोलिंग पार्टी, दो-दो क्रेन पेट्रोलिंग तथा पॉइंट कर्मचारी की तैनाती होगी। शहर के प्रमुख बाजारों को इस तरह से जोन में बांटा गया है।

- मालवीय रोड, एमजी रोड
- पंडरी कपड़ा मार्केट बाजार क्षेत्र
- तेलीबांधा बाजार क्षेत्र
- पुरानी बस्ती बाजार क्षेत्र

# बाजार पैक, कल से वाहनों का प्रवेश बंद
# गूगल मैप और कैमरे से सिस्टम होगा कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धनतेरस से लेकर दीपावली तक तीन दिन शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रहेगी। इससे ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ेगा। इस दबाव से निपटने यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। दीपावली तक मालवीय रोड, गोलबाजार, सदरबाजार शास्त्री मार्केट तथा बैजनाथ पारा मार्ग को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। साथ ही ट्रैफिक मैनेज करने शहर को चार जोन में बांटा गया है।

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, धनतेरस के दिन शहर के प्रमुख बाजार मालवीय रोड, एमजी रोड, पंडरी कपड़ा मार्केट, तेलीबांधा तथा पुरानी बस्ती बाजार क्षेत्र में सुबह 10 बजे से रात ⏭ शेष पेज 11 पर

## यातायात पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर तैयार किया ट्रैफिक प्लान



### इन मार्गों पर दोपहिया से लेकर रिक्शा, ठेला पर रोक

धनतेरस से लेकर दीपावली तक गोलबाजार, मालवीय रोड में ई-रिक्शा, आटो रिक्शा, ठेला-खोमचा, दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। साथ ही टीआरई चौक से कोतवाली, जयस्तंभ से मालवीय रोड, आजाद चौक से सदर बाजार, श्याम टॉकीज तिराहा से गणेश मंदिर, शास्त्री बाजार, बैजनाथ पारा मार्ग में वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### वाहनों की यहां पार्किंग व्यवस्था

- शास्त्री बाजार की ओर आने वाले वाहन चालक सीरत मैदान, शास्त्री बाजार पार्किंग में वाहन पार्क कर सकेंगे
- कालीबाड़ी की ओर से आने वाले वाहन चालक गांधी मैदान में वाहन पार्क करेंगे
- बूढ़ेश्वर चौक की ओर से आने वाले वाहन चालक सप्रे शाला मैदान, बूढ़ा तालाब गार्डन पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे
- जयस्तंभ चौक की ओर से आने वाले वाहन चालक जवाहर मार्केट पार्किंग व जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे
- पंडरी कपड़ा मार्केट में आने वाले वाहन चालक कपड़ा मार्केट टर्निंग स्थित खाली मैदान तथा छत्तीसगढ़ हाट के बाजू सड़क के दोनों ओर निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करेंगे
- पुरानी बस्ती क्षेत्र के बाजार में आने वाले वाहन चालक हिंदी स्कूल मैदान में वाहन पार्क करेंगे
- गंज मंडी, रामसागर पारा से आने वाले वाहन चालक गंज मंडी मैदान में अपना वाहन पार्क करेंगे
- अग्रसेन चौक, चौबे कॉलोनी से आने वाले वाहन चालक भैंसथान मैदान में वाहन पार्क करेंगे
- अवंति बाई चौक से आने वाले वाहन चालक प्रगति मैदान, जिला अस्पताल के पास निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करेंगे

## खबर संक्षेप

### इलाज में लापरवाही का आरोप, एम्स में हंगामा

**रायपुर।** इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप में एम्स में मरीजों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। आरोप था कि सीटी स्कैन में मरीज के दिमाग की नस फटने की बात सामने आई, तब अस्पताल में इलाज के लिए विषय विशेषज्ञ डॉक्टर ही नहीं थे। घटना रविवार सुबह की बताई गई है। मरीज अमित गौतम के दोस्तों का आरोप है कि शाम होने तक इलाज शुरू नहीं हो पाया था। इसे लेकर दोस्तों सहित अन्य रिश्तेदारों ने हंगामा किया, जिसके बाद सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और मामले को शांत कराया।

*ठंड के लिए उत्तर-पूर्वी हवा के आने और दिन की लंबाई कम होने का इंतजार*

# नवंबर का पहला हफ्ता लेकर आएगा ठंड पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया तो असर ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच ठंड का अहसास हो रहा है, मगर इसकी नियमितता के लिए नवंबर के पहले सप्ताह तक इंतजार करना होगा। राज्य में उत्तर-पूर्वी हवा का आगमन और दिन की लंबाई कम होने के बाद ही ठंड अपना असर दिखाएगी। अनुमान है कि प्रशांत महासागर में इस बार ला नीना का प्रभाव है। अगर एकाएक आने वाला पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं होता है तो न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की वजह से इस बार ठंड का असर अधिक रह सकता है।

ठंड की शुरुआत होने के लिए उत्तर-पूर्वी हवा, दिन की लंबाई में कमी के साथ प्रति चक्रवात का बनना ⏭ शेष पेज 11 पर

## सरगुजा संभाग में ज्यादा प्रभाव, मध्य में जनवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह में पीक

### नवंबर के अंतिम में होगी भविष्यवाणी

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, विभाग द्वारा तिमाही रूप से मौसम को लेकर अनुमान जताया जाता है। ठंड यानी दिसंबर, जनवरी, फरवरी के मौसम का अध्ययन कर पूर्वानुमान नवंबर माह के अंतिम दिनों में जारी किया जाएगा। स्थानीय विशेषज्ञों की मानें तो नवंबर में उत्तरी इलाके को छोड़ दिया जाए तो शेष हिस्सों में दिन में धूप और उमस की असहजता तथा रात में हल्की ठंड से राहत रहती है।



**अभी तापमान चार डिग्री तक ज्यादा :** मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से भले ही मौसम में ठंडक महसूस हो रही है, मगर रात का न्यूनतम तापमान राज्य में औसत रूप से सामान्य से चार डिग्री तक ज्यादा है। रायपुर में रात का पारा 23-24 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। ठंड की मौजूदगी के लिए तापमान के 20 डिग्री से नीचे जाने तक इंतजार करना होगा। रायपुर में कड़ाके की ठंड और शीतलहर की स्थिति पिछले कई सालों से नहीं बनी है।

### 10 डिग्री से नीचे नहीं गया रायपुर का पारा

राज्य निर्माण के बाद रायपुर का न्यूनतम तापमान कभी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया है। लगातार होने वाले औद्योगिकीकरण और बसाहट की वजह से भी ठंड में कमी आने लगी है। पिछले साल रायपुर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से नीचे नहीं उतरा था। माना जाता है कि रायपुर में ठंड का पीक जनवरी माह में केवल आठ से दस दिन का रहता है और इस बार भी इसमें बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

# इस धनतेरस सोना 82 हजारी होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार चांदी की कीमत एक लाख के पार हो गई है। वहीं अब सोना धनतेरस से पहले 81 हजार रुपए से पार होकर 82 हजार की दहलीज पर पहुंच गया है। संभावना है कि सोमवार को जब फिर ⏭ शेष पेज 11 पर



- **चांदी प्रति किलो एक लाख से ज्यादा, कीमत में और इजाफा संभव**

### सोना 19 हजार महंगा

इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 19 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था, यानी दो साल में कीमत में 32 हजार का इजाफा हुआ है। इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। चांदी भी धनतेरस से पहले एक लाख हो गई है। सोने और चांदी की कीमत में रोज बदल रही है। इस बार कीमत में कुछ ज्यादा ही इजाफा हो रहा है।






इस धनतेरस संदीप ज्वेलर्स से सबसे सही भाव
शुद्धता एवं गुणवत्ता के साथ करें गहनो की खरीदारी
धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शुभ धनतेरस

मानक पथप्रदर्शक:

आपका 33 सालों का विश्वास

# संदीप ज्वेलर्स

के साथ
महोत्सव महीना
नवरात्री से छठ पूजा तक

सोने और चांदी की खरीदी पर
निशिचत उपहार पायें

चांदी की बनवाई मात्र ₹7

सोना की बनवाई पर 10% छूट

T&C Apply



त्योहारों के महोत्सव माह में
1 लाख की खरीदी पर निशिचत
₹2024 का लाभ

मूलरतन प्लाजा, सुमीत बाजार के सामने, मेन रोड बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)
पिनकोड - 493221, मो . 7694009601


धनतरेस
आभूषण खरीदने का सबसे शुभ दिन
शिवराज प्रकाशंचद भंसाली ज्वेलर्स
आभूषण खरीदने का सबसे शुभ स्थान
सोने एवं चांदी के सिक्कों का सम्पूर्ण संग्रह
स्वर्ण, डायमण्ड, जड़ाऊ, कुंदन जड़ित आभूषण
एवं चांदी के गहने, गिफ्ट आर्टिकल्स का बेजोड़ संग्रह
मानक : पथप्रदर्शक :
CM/L-8721177
हॉलमार्किंग आभूषण
शिवराज प्रकाशचंद
भंसाली ज्वेलर्स
शुद्धता की विश्वसनीयता हेतु सर्टिफाइड डायमण्ड एवं हालमार्क गहनों की ही खरीदारी करें
कोतवाली चौक, सदर बाजार 0771-2555502
हलवाई लेन 0771-2555503
VALET PARKING AVAILABLE
ATUL PUBLICITY



## सिटी इवेंट

# घर की सफाई करके ही लोग खुश जरूरत है अंतर्मन साफ करने की



रायपुर। आओ हम सभी सत्य परमात्मा से सत्य ज्ञान लेकर अपने जीवन को पावन बनाएं। अपनी आत्म ज्योति जगाकर ईश्वरीय मिलन का वास्तविक सुख प्राप्त करें। व्यक्ति का आत्मा ही सच्चा दीपक है। विकारों के वशीभूत हो जाने के कारण आत्मा की चमक मलिन हो गई है। यह कहना ब्रह्माकुमारी सविता दीदी का है, जिन्होंने दीपावली मिलन समारोह में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, लोगों का अन्तर्मन काम, क्रोध, लोभ विकारों के अधीन हो चुका है। ऐसे विकारी मनुष्यों के बीच श्री लक्ष्मी का शुभागमन भला कैसे हो सकता है? यह कैसी विडम्बना है कि अन्तर्मन की सफाई करने की जगह हम लोग घर की सफाई करके ही खुश हो जाते हैं।

### जलाने होंगे शुभ संकल्पों के दीपक

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, दीपावली में हम सब जिस प्रकार घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अन्तर्मन की सफाई भी जरूरी है। बाहर के अंधकार को तो मिट्टी का दीपक जलाकर दूर कर सकते हैं, लेकिन अन्तर्मन में छाए अन्धकार को दूर करने के लिए हमें सभी के लिए शुभसंकल्पों के दीप जलाने होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के दीपावली मिलन समारोह में दी गई। इस दौरान शान्ति शिखर सेक्टर-20 में रविवार सुबह कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला।

## आराधना

# धर्म की जितनी मर्यादाएं टूटेंगी समाज उतनी मुश्किलों में घिरेगा



रायपुर। जैन दर्शन में सभी जीवों का अपना स्थान है। धर्म कहता है कि सबको सम्मान मिलना चाहिए। अहिंसा, अपरिग्रह, जीवदया जैसे प्रभु महावीर के बताए ऐसे और भी कई सिद्धांत हैं, जिनका आज के समाज में अभाव दिखता है। यही पंचम आरे का प्रभाव है। समय के साथ धर्म की मर्यादाएं जितनी ज्यादा टूटेंगी, मानव समाज मुश्किलों में घिरेगा। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में उपधान तप के अंतर्गत चल रही विशेष प्रवचन श्रृंखला में श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। इससे पहले उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं के लिए 12 तरह के व्रत की सरल शब्दों में व्याख्या करते हुए बताया कि इसे अपने व्यवहार में उतार लिया, तो जीवन खुशहाल हो जाएगा। पंचम आरे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने आगे कहा, आज समाज में सबसे बड़ी विकृति असमानता है। असमानता जितनी बढ़ेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इसी के साथ लोगों में तनाव भी बढ़ेगा।

### पक्षियों के प्रति हो रहे असंवेदनशील

भगवान महावीर हमेशा एकता और समानता की बात करते थे। आज हम देखते हैं कि समाज में असमानता और भेदभाव बढ़ते जा रहे हैं। अमीर-गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। चाहे कोई छोटा जीव हो या बड़ा, सभी जीवों का सम्मान करें। हर जीवन मूल्यवान है। समाज में आज भी हम छोटे जीवों जैसे कि जानवरों और पक्षियों के प्रति असंवेदनशील होते जा रहे हैं। उन्हें दुख पहुंचाना या उनकी अनदेखी करना हमारे लिए सामान्य हो गया है। यह सोच बदलनी होगी। सच्ची शांति और खुशहाली तभी संभव है, जब हम सभी जीवों के प्रति दया और करुणा दिखाएं।

## कैंपस लाइव

# बच्चों ने बनाए रंगीन दीए खरीदने स्कूल पहुंचे पालक



रायपुर। बच्चों ने अपनी कलात्मकता का परिचय देते हुए कई आकर्ष दीए तैयार किए। जब उन्होंने इसकी प्रदर्शनी लगाई तो खरीदने के लिए पालक पहुंचे। सिविल लाइन स्थित विद्यालय होली हाट्र्स एजूकेशन एकेडमी में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के साथ ही 'एक दीया खुशी का' फेस्ट रखा गया। विगत 10-15 दिन से बच्चे इस कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। वह समय आ ही गया जब उनके द्वारा रंगे गए रंग-बिरंगे दीए को खरीदने के लिए उनके स्वयं के अभिभावक विद्यालय पहुंचे। अपने बच्चों की मेहनत की कद्र करते हुए दीए में की गई कलाकारी को देखकर अपने आप को दीए खरीदने से रोक ना पाएं और साथ ही साथ इस पल को यादगार बनाए रखने के लिए परिवार के साथ विद्यालय प्रांगण में लगे सेल्फी जोन में उन्होंने फोटो भी खींचे।

### चैरिटी में दी जाएगी प्राप्त राशि

कार्यक्रम की सफलता के पीछे पहली से लेकर 12वीं तक के सभी स्टूडेंटस का भरपूर सहयोग रहा। संस्था के चेयरमैन सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया, दीए के माध्यम से आई धनराशि एवं मैनेजमेंट द्वारा अपनी ओर से अतिरिक्त राशि मिलाकर चैरिटी में दी जाएगी। अभिभावक, टीचर्स एवं मैनेजमेंट द्वारा आर्मी वेलफेयर फंड के लिए भी पैसे जमा किए गए हैं। बच्चों में संस्कार, दया एवं मदद की भावना को बनाए रखने के लिए इसका आयोजन विद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल नीपा चौहान, हेड मिस्ट्रेस शालिनी अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल सुनीता टंडन, कमल किशोर व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

> दीपोत्सव से पहले संडे मार्केट में सुबह से शाम तक लोगों का मेला लगा रहा। हर कोई अपनी पसंद के लिहाज से घर-ऑफिस सजाने के लिए जरूरी सामान खरीदने व्यस्त नजर आया। कुछ ऐसा ही माहौल सदरबाजार सहित अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिला।कपड़ा, तांबा, कांसा, पीतल के बर्तन से लेकर सोने-चांदी की दुकानों में भी धनतेरस के पहले लोग पहुंचे। दुकानदारों ने भी लोगों को रिझाने दुकान को अलग लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नहरपारा से लेकर जयस्तंभ चौक तक फैले संडे मार्केट में सुबह 6 बजे से ही व्यापारियों ने अपने स्टॉल लगाने शुरु कर दिए थे। इसके बाद खरीदी के लिए लोगों का हुजूम उमड़ना शुरू हुआ। किसी ने ब्रांडेड जूतों की प्रचलित वैरायटी को खरीदने के लिए मोल-भाव किया, तो किसी ने त्योहार के मौके पर बच्चों के लिए स्कूल बैग भी खरीदा।

संडे बाजार में मेला... एक दिन में 30 करोड़ का कारोबार

# त्योहार का सुपर-संडे







रायपुर। इलेक्ट्रॉनिक सामानों में रंग-बिरंगी झालर लाइट की पूछ-परख ज्यादा रही। दिल्ली व मुंबई से आने वाली इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खेप में ग्राहक अपने पसंद और जरूरत का सामान खोजने के लिए पैदल चलते हुए आगे बढ़ रहे थे। मजदूरों को दीपोत्सव में कपड़ा व जरूरी सामान देने के लिए कंपनियों में ठेकेदारी करने वाले बल्क में कपड़ों व गिफ्ट आयटम की खरीदी करते नजर आए। गोलबाजार और सदरबाजार की दुकानों को ग्राहकों के लिए खास तौर से सजाया गया है।

### रंग-बिरंगे आकाशदीप की मांग

गोलबाजार में त्योहारी सामान बेचने वाले अरविंद जैन ने बताया कि इस बार भी दिल्ली, मुंबई से ज्यादातर डेकोरेटिव आयटम लाए गए हैं। इनकी खूबियों और कम बजट के चलते लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। नए दौर के दीए खास हैं, क्योंकि इसे बिजली, पानी और बैटरी से जलाने के आप्शन लोगों को मिल रहे हैं। इसे लोग पूजाघर व ऑफिस को सजाने के लिए खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसकी प्रतिनग कीमत 10-20 रूपए तक ही होने से लोग बल्क में खरीद रहे हैं। इसके साथ ही रंग-बिरंगे आकाशदीप भी खरीदना पसंद कर रहे हैं। संडे बाजार में दुकान सजाने वाले कोमल साहू ने बताया कि रंगीन कपड़े, स्प्रिंग और वायर से तैयार किए गए इस सजावटी सामान की कीमत बाजार में ज्यादा नहीं है।

### सजावटी सामान का बाजार 3 करोड़ का

आम दिनों में संडे को बंद रहने वाले बाजारों में इस बार दुकानों के शटर खुले रहे। हर सैगमेंट में जमकर खरीदी हुई। पुष्य और धनतेरस की तरह ही कारोबार हुआ। अनुमान है, इस सुपर-संडे 30 करोड़ का कारोबार हुआ। कारोबारी बताते हैं कि सदर बाजार में संडे के बावजूद धनतेरस को देखते हुए सोने-चांदी की दुकानें गुलजार रहीं। इस मार्केट में ही 20 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ। वहीं जयस्तंभ चौक से लेकर नहर पारा तक तड़के लगने वाले संडे मार्केट में एक करोड़ से ज्यादा का व्यवसाय हुआ। पूजा और सजावटी सामान का बाजार तीन करोड़ तो तांबा, पीतल व कांसे का बाजार ही 5 करोड़ से ज्यादा का रहा।

### पूजा के लिए तांबे का लोटा और मूर्ति

गोलबाजार में इस बार भी लोग दीपोत्सव के साथ ही पूजाघर में उपयोग के लिए तांबे का लोटा, पीतल की देवी-देवताओं की मूर्ति भी लोग खरीदना पसंद कर रहे रहे हैं। कमल साहू ने बताया कि इस बार रेट में 50 से 200 रूपए तक ही अंतर आया है। इसमें सबसे ज्यादा कांसे की कीमत बढ़ी है। इसके बाद भी लोग कांसे के बर्तन को प्राथमिकता दे रहे हैं। धनतेरस पर रहने वाली डिमांड के लिहाज से इस बार ठोस बर्तनों की विशाल रेंज हैं। हर दुकानदार यही प्रयास करता है कि आने वाले ग्राहक दुकान से खाली हाथ न लौटने पाएं।



### सराफा में भी रही भीड़

सदर बाजार के ज्वेलरी शॉप संचालकों ने बताया कि इस बार भी लोग लक्ष्मी पूजा के लिए सोने और चांदी के सिक्कों के लिए शॉप में पहुंच रहे हैं। इस बार अयोध्या मंदिर की छाप वाले सिक्कों की मांग ज्यादा है। आने वाले लोगों में कई ऐसे भी होते हैं, जो बजट के हिसाब से लक्ष्मी, गणेश व सरस्वती की आकृति वाले सिक्कों को खरीदते हैं। ऐसा करने वाला बड़ा वर्ग है। इसे देखते हुए कई वजन में सिक्के मार्केट में लाए गए हैं। रविवार को भी बड़ी संख्या में सिक्कों की खरीदी करने लोग पहुंचे। कई ने धनतेरस के लिए बुकिंग करवाई। हर दिन सोने-चांदी के रेट में अंतर आने के बाद भी लोगों का रूझान खरीदी में बढ़ने से बाजार गुलजार होने लगे हैं।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने आयोजन को सफल बनाने शुरू की तैयारी

# बच्चों को गुरबानी से जोड़ने शबद कीर्तन 2 से 14 नवंबर तक तड़के 5 बजे प्रभात फेरी

रायपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के पावन प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने शुरू कर दी है। 15 नवंबर को खालसा स्कूल कैंपस में श्रद्धा व उत्साह संग मुख्य आयोजन होने वाले हैं। इस बार 2 नवंबर से शुभारंभ प्रभात फेरी से की जाएगी। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शिरकत करेंगे। यह सिलसिला 14 नवंबर तक चलने वाला है। हर दिन सिख समाज के लोगों द्वारा सुबह 5 से 7 बजे के बीच प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके साथ ही कीर्तन, गतका प्रदर्शन की तैयारी भी बच्चों एवं युवाओं ने शुरू की है। इनका दल भी नगर कीर्तन के दौरान 10 नवंबर को शौर्य प्रदर्शन करते हुए आकर्षण का केन्द्र होगा।



### लुधियाना से आएंगे कथावाचक

कमेटी के महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, तेजिंदर सिंह होरा के साथ मंजीत सिंह सलूजा ने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांट दी है। कमेटी के प्रवक्ता गुरमीत सिंह गुरदत्ता ने बताया कि आयोजन में गुरबाणी गायन के लिए प्रसिद्ध कीर्तनकार भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ (लुधियाना) कथावाचक सरबजीत सिंघ धुंधा रायपुर पहुंच रहे हैं। हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंघ व मुख्य ग्रंथी भाई दया सिंघ भी अपनी सुरीली आवाज से गुरबाणी गायन करेंगे।

### शबद कीर्तन गतका प्रदर्शन

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा स्टेशन रोड के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि श्री गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर 2 से 14 नवंबर तक प्रभात फेरी का शुभारंभ किया जाएगा। जो प्रतिदिन सुबह 5 बजे गुरुद्वारा स्टेशन रोड से निकलेगी। इसमें बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने उनको प्रोत्साहित करने के लिए रविवार 3 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में बच्चों का शबद कीर्तन भी होने वाला है। बच्चों व युवाओं को शौर्य का प्रतिक गतका प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

# दीयों संग बांटी रंगोली



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई के महिला एवं युवा विंग द्वारा निशुल्क दीया एवम रंगोली वितरण का आयोजन मरीन ड्राइव तेलीबांधा में किया गया। राम धुन के गीत गाते हुए वितरण कार्य किया गया। महिला विंग द्वारा मरीन ड्राइव पर झूलेलाल की आरती की गई। साथ में अरदास भी किया गया। सभी ने अपने हाथ में दीए रखकर जलदेवता की आराधना की। महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी ने कहा, ऐसा नजारा था जैसे हम झूलेलाल जयंती बना रहे हैं। सभी महिलाओं ने दिवाली के पूर्व जलदेवता की पूजा कर सबके घर खुशियों से भरने की कामना की। युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी, ललित जैसिंघ, संजय रहेजा, सुनील कुकरेजा, विक्की लोहाना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

गांव से शहर पहुंचेंगे राउत नाचा कलाकार, युवा वर्ग भी जुड़ रहा मंडली से

# ग्रामीण क्षेत्र में घटी राउत नाचा मंडली, शहर में सप्ताह भर का किराया 30 हजार, नए वाद्ययंत्रों के साथ कलाकार देंगे प्रस्तुति

**कार्नर न्यूज**

**छत्तीसगढ़ में दीपावली के अवसर पर लोकनृत्य राउत नाचा की परंपरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में राउत नाचा घर-घर जाकर किया जाता है। कलाकार नृत्य करने स्वयं लोगों के घर पहुंचते हैं। शहर में परंपरा निभाने लोक कलाकारों को तय मानदेय पर किराए से बुलाया जाता है। पर्व को लेकर कलाकारों की तैयारी पूरी हो चुकी है। कल से पारंपरिक बाजा व अन्य वाद्ययंत्रों के साथ बूढ़ातालाब में काम की तालाश में कलाकारों की टीम पहुंचेगी।**

रायपुर। हरिभूमि ने लोक नृत्य कलाकारों से बातचीत की। धरसींवा के दिलीप यादव ने बताया कि गांव में आज भी राउत नाचा की परंपरा जीवित है, लेकिन इसके लिए पैसे कम मिलते हैं। शहर में नृत्य नहीं होता है, लेकिन यहां मानदेय अधिक मिल जाता है। इससे त्योहार का खर्च निकल जाता है। उनका कहना है कि इस बार मंडली में नए वाद्ययंत्र शामिल किए गए हैं। इस वजह से किराया भी बढ़ाया है।



### डंडे संग भी प्रदर्शन

कलाकार दिलीप का कहना है कि पहले सप्ताह भर नाचा करने का 25 हजार लेते थे। महंगाई बढ़ने से 5 हजार बढ़ाकर किराया 30 हजार कर दिया है। उनका कहना है, अधिकतर लोग सप्ताह भर के लिए हमें बुलाते हैं। दो से तीन दिनों की



बुकिंग कम लेते हैं। एक मंडली में 7 लोग होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरों पर राउत नाचा करने पर 2 हजार मिलते हैं। शहर में 8 हजार तक फायदा होता है। इससे दीपावली का खर्च निकल जाता है। पहले 4 से 5 लोगों की मंडली होती थी, लेकिन अब मंडली लोक कलाकार के साथ डंडे से प्रदर्शन दिखाने वाले भी है।

### गांवों की अपेक्षा शहर में अधिक भुगतान

कल से धरसींवा, आरंग, बेमेतरा में अभनपुर से कलाकार पहुंचेंगे। आरंग के प्रेमलाल यादव का कहना है कि अब युवा वर्ग भी मंडली से जुड़ रहे हैं। इसकी वजह गांव की तुलना में शहर में अधिक पैसा मिलना है। कुछ लोगों ने सप्ताह भर प्रस्तुति देने कलाकारों को बुक कर लिया है। शहर में राउत नाचा की परंपरा धीरे-धीरे खत्म हो रही है। पिछले साल भी रुझान कम था। यही वजह है कि पहले 15 से 20 मंडलियां दीपावली पर शहर आती थीं, अब संख्या घटकर 6 हो गई है। इस बार उम्मीद है कि जल्दी काम मिल जाएगा। बुकिंग के दौरान नगाड़ों की थाप और दोहे की प्रस्तुति देकर दिखाएंगे।



## नाबार्ड द्वारा मंजूर की गई है एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए राशि

# सात सौ बिस्तर का नया अस्पताल बनाने दिवाली पर मिलेगा 85 करोड़ की पहली किस्त का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में उपचार सुविधा के विकास के लिए सात सौ बिस्तर के नए अस्पताल भवन निर्माण के लिए दिवाली में 85 करोड़ की पहली किस्त उपहार के रूप में मिलने के आसार हैं। तीन सौ करोड़ की योजना के तहत एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए नाबार्ड द्वारा राशि को मंजूरी दी गई।

■ त्योहार के बाद शुरू होगा भवन निर्माण के लिए तोड़फोड़ का काम

माना जा रहा है कि दिवाली के बाद इस राशि के उपयोग से प्रस्तावित स्थल में खड़े पुराने हॉस्टल के तोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी तय करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई और उनके नेतृत्व में ही भवन निर्माण का काम पूरा किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 325 करोड़ का है, जिसमें भवन निर्माण से लेकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को




सुपर स्पेशलिटी सुविधा दिलाना है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाई गई इस योजना को वर्तमान सरकार द्वारा बजट में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद बड़ी रकम की व्यवस्था के लिए नाबार्ड द्वारा मदद ली गई है।

अस्पताल सूत्रों का कहना है कि योजना के तहत पहली किस्त को मंजूरी दे गई है और इसके दिवाली के पहले अथवा तुरंत बाद रिलीज किए जाने की संभावना है। माना जा रहा है कि एकीकृत अस्पताल की योजना काफी बड़ी है और इसे पूर्ण करने में काफी वक्त लगने की संभावना है।

### ओवरलोड अस्पताल के विस्तार की जरूरत

सात सौ बिस्तर के सेटअप में चल रहे आंबेडकर अस्पताल में अभी 14 सौ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां बढ़ रही मरीजों की संख्या और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भवन विस्तार की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। आवश्यकता का ध्यान रखते हुए बनाए जाने वाले नए भवन में सेंट्रलाइज एसी के साथ उन सब सुविधाओं का प्रावधान किया गया है, जो पुराने भवन में नहीं हैं।

### ऑडिटोरियम के पिछले हिस्से में भवन

प्रस्तावित नए एकीकृत अस्पताल भवन के लिए जिस जर्जर हॉस्टल के चिन्हित किया गया है, वह मेडिकल कॉलेज सभागार के पिछले हिस्से में है। विभिन्न उतार-चढ़ाव के साथ हॉस्टल भवन की जगह अस्पताल बनाने की योजना को हरी झंडी दी गई है। प्रस्तावित अस्पताल स्थल तक आम लोगों की पहुंच बनाने के लिए मार्ग बनाने की योजना को भी हरी झंडी दी गई है।

## पेज 07 के शेष ...

### बाजार पैक, कल से...

10 बजे के बीच साढ़े तीन लाख से ज्यादा वाहनों का दबाव रहेगा। ट्रैफिक दबाव से निपटने ट्रैफिक पुलिस आईटीएमएस कैमरे तथा गूगल मैप की मदद लेगी। जहां ट्रैफिक का ज्यादा दबाव रहेगा। उन क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस बल भेज ट्रैफिक डायवर्ट करने की व्यवस्था की जाएगी।

### नवंबर का पहला हफ्ता...

जरूरी होता है, जो जमीनी स्तर पर तापमान को बढ़ने से रोकता है। प्रदेश में ठंड को स्थापित करने के लिए तीनों परिस्थितियां नहीं बनी हैं। अभी स्थानीय प्रभाव से मौसम में ठंडक जरूर है, मगर दिवाली के दौरान आने वाली नमीयुक्त हवा से बादल बनते ही इसमें कमी आएगी। माना जा रहा है कि नवंबर के पहले सप्ताह से उत्तरी हवा के नियमित आगमन से मौसम में शुष्कता आएगी और तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। प्रदेश में ठंड का ज्यादा असर उत्तरी सीमा यानी सरगुजा संभाग में होता है, मध्य और बस्तर में इसका प्रभाव दिसंबर एवं जनवरी माह में महसूस होता है। फरवरी से इसमें गिरावट आने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार अलनीनो कमजोर हो चुका है, इसलिए औसत तापमान सामान्य से कम रहने की वजह से छत्तीसगढ़ समेत देश में ठंड का असर ज्यादा रहने की उम्मीद है, बशर्ते उत्तर-पूर्व मानसून की वजह से बनने वाला पश्चिमी विक्षोभ इस पर रोड़ा न बने।

### इस धनतेरस सोना...

से बाजार खुलेगा तो सोना धनतेरस से एक दिन पहले या फिर ठीक धनतेरस के ही दिन 82 हजारी हो सकता है। शनिवार को सप्ताह के अंतिम दिन जब बाजार बंद हुआ तो राजधानी रायपुर में 24 कैरेट का सोना दस ग्राम 81600 रुपए जीएसटी के साथ हो गया था। इसी के साथ चांदी की कीमत एक लाख रुपए बनी हुई है। चांदी सबसे पहले सोमवार को सुबह एक लाख रुपए तक गई थी, पर शाम को कीमत एक हजार रुपए कम हो गई। इसके बाद मंगलवार को चांदी एक लाख के पार हो गई।




### केंद्रीय मंत्रालय की सलाहकार समिति में बृजमोहन

रायपुर। सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा गठित कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में इस बात की जानकारी दी गई है। आदेश के मुताबिक, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी को समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल को प्राक्कलन समिति के साथ ही लोकसभा की कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति का पहले ही सदस्य बनाया जा चुका है।

## निधन

### पद्मावती भाटिया

रायपुर। कटोरा तालाब निवासी



पद्मावती भाटिया का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ठाकुर दास भाटिया के भाई और राजेश, प्रकाश, भारत भाटिया के पिता थे।

### संजय कुमार गौतम



रायपुर। कुशालपुर निवासी संजय कुमार गौतम (58) का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

# दिसंबर माह से 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के 14 वार्डों में दिसंबर माह से लोगों को 24 घंटे शुद्ध पानी मिलने लगेगा। प्रति मिनट 5 लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इस पायलट प्रोजेक्ट से शहर की 1.25 लाख आबादी को राहत मिलेगी। प्रयोग सफल रहा तो शहर के अन्य वार्डों में भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा।

■ 1.25 लाख आबादी को मिलेगी राहत, प्रति मिनट 5 लीटर पानी मिलेगा

राजधानीवासियों को पीने का साफ पानी 24 घंटे उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एबीडी एरिया के 14 वार्डों को चिन्हांकित कर वहां पॉयलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को पूरा करने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियर कॉर्पोरेशन को जिम्मा दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी ने मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 160 किलोमीटर की नई पाइपलाइन संबंधित क्षेत्र में बिछाई है। साथ ही पानी की खपत जांचने 22 हजार स्वचालित वाटर मीटर निशुल्क लगाए जा रहे हैं। इनमें से अब तक 14 हजार वाटर मीटर लगाने का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है, जबकि 7 हजार वाटर मीटर लगाने का काम बाकी है।



### 5 साल का मेंटेनेंस संचालन की शर्त

अनुबंधित एजेंसी 24 घंटे पानी आपूर्ति के इस प्रोजेक्ट में 5 साल तक देखरेख व संचालन अपने खर्च पर करेगी। साथ ही पानी के प्रेशर की जांच करने फिल्टर प्लांट में स्कॉडा सिस्टम विकसित होगा। इसके लिए अलग से सेटअप तैयार किया जा रहा है, जो कि मोतीबाग और गंज पानी टंकी से कनेक्ट होने वाले 14 वार्डों में जल वितरण की स्थिति पर नजर रखेगा।

### दिसंबर से 24 घंटे जल आपूर्ति की तैयारी

रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में शामिल शहर के 14 वार्डों में दिसंबर माह से 24 घंटे जल आपूर्ति योजना धरातल पर साकार रूप लेगी। मोतीबाग और गंज पानी टंकी से संबंधित एरिया में पानी टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। साथ ही स्कॉडा सिस्टम से पानी की खपत की निगरानी की जाएगी।

*- अबिनाश मिश्रा, प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### शहीद संत कंवरराम साहेब का शहादत दिवस 1 को

रायपुर। संत कंवरराम नगर कटोरातालाब युवा परिषद के अध्यक्ष और संत कंवरराम सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि 1 नवंबर को अमर शहीद संत कंवरराम साहेब के शहादत दिवस पर संत कंवरराम चौक पर रात्रि 9.30 बजे महाआरती, 85 दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

### आम सूचना का खण्डन

**ग्राम डूमारतालाब, प.ह.न. 53, रायपुर - 3 कोटा तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 387 / 10 रकबा 0.8350 हे. के संबंध में आम सूचना दिनांक 24.10.2024 का खण्डन जारी किया जा रहा है।**

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमारतालाब, प.ह.न 53, रायपुर - 3 कोटा तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 387/10 रकबा 0.8350 हे. का मूल भूमि स्वामी मीना अग्रवाल चंद्रकला मिश्रा, दुर्गा भट्ट है। अशरफ खाँ पिता शाहिद खाँ का विक्रय विलेख संपत्ति अंतरण अधिनियम के प्रावधनों के अंतर्गत त्रुटिपूर्ण है, जिस कारण से अशरफ खाँ पिता शाहिद खाँ को उक्त संपत्ति को विक्रय करने का कोई हक व अधिकार नहीं है ।

यह कि, ग्राम डूमारतालाब, प.ह.न 53, रायपुर - 3 कोटा तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 387/10 रकबा 0.8350 हे. को क्रय करने का कोई सौदा न किया जाये यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई भी संव्यवहार किया जाता है तो उक्त संव्यवहार अमान्य, अवैध, शून्य व निष्प्रभावी होगा तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति के द्वारा खरीदी बिक्री के संबंध में कोई भी किसी भी प्रकार का संव्यवहार ना करे।

यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति को किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय, अंधशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से विक्रय, स्थानांतरण, दान, किराया, पट्टा, आदि किया जाता है तो वह प्रारंभ से ही अवैध एवं शून्य होगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 27/10/2024

**शाहिद सिद्दीकी (अधिवक्ता)**
MD-345 Phase 03, Kabir Nagar Raipur (C.G.)
Mob.-9691411644















## कैंपस लाइव

# बच्चों संग स्कूल पहुंचे ग्रैंड पैरेंट्स मिलकर की मस्ती, लौटा बचपन




**रायपुर।** दादा दादी, नाना नानी एक पेड़ की जड़ों की तरह होते हैं जो हमें बढ़ने के लिए सहारा, ताकत और प्यार देते हैं। एक पीढ़ी को दूसरे पीढ़ी से जोड़ते हैं। छात्रों को ये बातें समझाते हुए केपीएस में ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सभी बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी ने शिरकत की। शिक्षकों ने इस दौरान कहा, दादा-दादी एक अभिभावक, एक शिक्षक और एक अच्छे दोस्त की तरह होते हैं। जब आपके पास ग्रैंड पैरेंट्स होते हैं तो किसी अराध्य की जरूरत नहीं होती। ग्रैंड पैरेंट्स और उनके बच्चों के बीच के बंधन को संजोने के लिए ही स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया।

### संस्कृत श्लोक के जरिए दर्शाया स्नेह

दादा-दादी और उनके बच्चों के बीच स्नेह को दर्शाते हुए संस्कृत श्लोक का पाठ किया गया। इसके अलावा नर्सरी और केजी-1 के बच्चों ने 'दादी जी की छड़ी हूं मैं', 'दादा दादी, नाना नानी वेलकम' जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर अपना प्रेम व्यक्त किया। कक्षा-2 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भाषण दिया। कक्षा 1 से 5 के बच्चों ने 'तू ही तो जन्नत मेरी' और 'आई वांट टू से थैंक यू' जैसे गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। अपने दादा-दादी के प्रति प्रेम और लगाव को व्यक्त करते हुए कक्षा-3 के विद्यार्थियों ने 'वी लव टू आवर ग्रैंड पैरेंट्स' नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। ग्रैंड पैरेंट्स के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

## सिटी इवेंट

# बस्तर आर्ट थीम पर बनाए कार्ड इसके जरिए देंगे दिवाली संदेश




**रायपुर।** डॉ.राधाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय में बस्तर आर्ट थीम पर ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जनजाति समाज के गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक अतीत तथा महारानी दुर्गावती की 500 जयंती के उपलक्ष्य में गणित विभाग द्वारा यह आयोजन किया गया। दीपावली के लिए बनाए गए कार्ड में प्रतिभागियों ने बस्तर के कला कौशल को मुख्य रूप से प्रदर्शित किया। इसमें काष्ठ कला, बांस कला, मृदा कला और धातु कला नजर आई। बस्तर की संस्कृति, त्योहारों, जीव-जंतुओं, देवी - देवताओं, साज सज्जा को प्रदर्शित किया गया।

### बीएससी का दबदबा

प्रतियोगिता की निर्णायक भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.दीप्ति झा एवं डॉ.निधि गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम बीएससी गणित की चित्रलेखा रही। एमए हिंदी की उपासना साहू द्वितीय तथा बीएससी गणित की ही चंचल पाठक तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ.सीएल देवांगन ने बताया, इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं को कला और संस्कृति से जोड़े रखने यह आयोजन किया गया।

## इवेंट लाइव

# स्कूली छात्रों को लॉ स्टूडेंट्स ने समझाए कानून, बताए अधिकार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विधि जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामनगर बस्ती और जेएमडी हायर सेकंडरी स्कूल में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यहां सविधान सबंधित स्वतंत्रता के अधिकारों एवं कानून से सबंधित अपराधों से अवगत कराया गया। वर्तमान में बढ़ते अपराध से कैसे बचा जाए, इसके बारे में टिप्स दिया गया। स्कूली छात्रों को उनके अधिकारों से भी अवगत कराया गया। संविधान में उल्लेखित अनुच्छेद 19 के अंतर्गत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समझाई गई।

### उदाहरण सहित दी जानकारी

सभी विषय की उदाहरण सहित जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्र जीवन से अनुशासन का पालन कर जीवन में अनुशासित रहकर अपराध न करने का प्रतिज्ञा दिलाई गई। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सभ्य समाज का निर्माण करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया। विद्यालय प्रमुख ने विधि विभाग के छात्रों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के कक्षा प्रमुख, शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे। विधि विभाग के छात्र फलेंद्र ध्रुव, रोहन बंजारे, बंसत छुरा, प्रणय नेताम, टिकेश्वर, वीरेंद्र, राहुल साहु, रेनुधर उसेंडी सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

## शिल्प सरोवर मेला : हैंडलूम साड़ियों संग बस्तर की संस्कृति

# हिरण संग पर्यावरण आधारित दृश्य, इन्हें बनाया पूरी तरह हाथ से डोरिया कोटा साड़ी सिर्फ 400 ग्राम वजनी, इसमें रेशम का काम

दीपावली से पहले देश के विभिन्न राज्यों के व्यापारियों द्वारा राजधानी में स्टॉल सजाए गए हैं। पंडरी जिला अस्पताल के नजदीक प्रगति मैदान में शिल्प सरोवर मेला का संचालन किया जा रहा है, जहां ये स्टॉल लगाए गए हैं। इस 15 दिवसीय मेला का समापन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। हैंडमेड वस्तुओं के स्टॉल में से कपड़ा का स्टॉल खरीदारों की पहली पसंद है। यहां उत्तरप्रदेश, कानपुर, दिल्ली, राजस्थान, बंगाल, कश्मीर, पंजाब, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश, कर्नाटक व छत्तीसगढ़ से व्यापारी शामिल हुए हैं।

**रायपुर।** बस्तर की संस्कृति एवं परंपरा के दृश्य भी प्रदर्शनी में देखने को मिल रहे हैं। कोंडागांव के कलाकार विनोद विश्वकर्मा ने इसे प्रस्तुत करते हुए स्टॉल सजाया है। बस्तरिया आदिवासियों का पुतला आकर्षण का केंद्र बना हुआ। इसमें वे विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्र बजाते नजर आ रहे हैं। इनकी शुरुआती कीमत 300 रुपए है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी संस्कृति संबंधित कई सजावटी वस्तुएं तैयार की गई हैं। जिसकी कीमत 100 रुपए से शुरु है।



### भागलपुर का खादी कॉटन

बिहार भागलपुर के खादी कॉटन में तैयार साड़ी प्रदर्शनी में महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां महिलाएं दीपावली पर्व के लिए कॉटन व सिल्क साड़ियों की खरीदी करना अधिक पसंद कर रही हैं। दुकान संचालक इस्तियाक ने बताया, दुकान में सौ से अधिक प्रकार की साड़ी एवं कुर्ती मौजूद है। जिमसें बारली प्रिंट, मधुबनी प्रिंट व बाटिक प्रिंट किया गया है। सिल्क, कोसा, कॉटन, लीलेन व खादी कॉटन में तैयार कपड़ों की कीमत हजार रुपए से शुरु है। दुकान में जरी वर्क में तैयार साड़ी मौजूद है, जिसकी कीमत 5500 रुपए है। कोसा फैब्रिक में तैयार साड़ी पर वाद्ययंत्र जैसे तबला, बाजा और हारमोनियम के डिजाइन उकेरे गए हैं। वहीं दूसरी ओर हिरण के साथ पर्यावरण संबंधित चित्रों से साड़ी का बॉर्डर तैयार किया गया है।

### खासतौर से दीपावली के लिए

स्टॉल संचालक शाहिद जमाल ने कहा, हैंडलूम में तैयार टसर कोसा की साड़ी महिलाओं की पहली पसंद है। जिसे महिलाएं खरीद रही हैं। यह लाइट वेट होने के साथ अनेक रंग में है। इसमें जरी व रेशम का वर्क किया गया है। 2000 से साड़ियों की कीमत शुरु है। दुकान में डोरिया कोटा की साड़ी भी है, जिसका वेट 400 ग्राम है। लाइट वेट साड़ी पर रेशम का वर्क किया गया है। इसे खासतौर पर दीपावली के लिए तैयार किया गया।







### सांचे के जरिए किया तैयार

राजधानी में बनारसी साड़ियों के खरीदार भारी संख्या में मौजूद है। जिन्हें बनारसी साड़ी के डिजाइन व हैंडमेड वर्क पसंद आ रहे हैं। एक स्टॉल संचालक जमाल अहमद ने बताया, टिशू बनारसी साड़ी, ब्रेकिट तनछुई साड़ी, बनारसी डुपट्टा और सूट सबसे अधिक खरीदे जा रहे हैं। इसे विशेष प्रकार से हैंडलूम की मदद से सांचे में तैयार किया जाता है। दुकान में मौजूद कपड़ों की कीमत 500 रुपए से शुरु होकर 5 से 6 हजार रूपए तक में है।

# कोडउत्सव : देशभर से पहुंची 40 टीम 48 घंटे कंप्यूटर कोडिंग, मुंबई विजेता

### एनआईटी का राष्ट्रीय हैकाथॉन



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कोडिंग क्लब और ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स ने अपने सबसे वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट कोडउत्सव-8.0 का आयोजन किया गया। 26 व 27 अक्टूबर तो लगातार 48 घंटे तक यह राष्ट्रीय हैकाथॉन चला। रेट्रो पिक्सेल आर्ट थीम से प्रेरित होकर इस वर्ष इस प्रतियोगिता में 550 टीमों के लगभग 2000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अप्लाई किया था। इसमें से 40 टीमों के 150 से ज्यादा प्रतिभागियों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ। इन 40 टीमों में से 20 एनआईटी से और शेष 20 भारत के विभिन्न कॉलेजों से रही। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को लगभग 1.60 लाख के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। 26 अक्टूबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेल के जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान और एनआईटी निदेशक डॉ.एनवी रमना राव उपस्थित रहे। डॉ. राव ने हार्ड और सॉफ्ट स्किल्स दोनों के विकास के साथ ही समस्याओं को हल करने, सृजन करने और सहयोग करने की क्षमता पर भी जोर दिया। जितेंद्र चौहान ने देश के बदलते तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य के बारे में बताया कि किस तरह भारत आईटी और विनिर्माण की शक्ति बन रहा है ।

### खनिजों का अनुपात जानने मशीन लर्निंग का प्रयोग


टीमों को विशिष्ट प्रॉब्लम स्टेटमेंट के अनुसार 6 श्रेणियों में विभाजित किया गया था। पहले वर्ष के छात्रों के लिए एक अलग श्रेणी रखी गई थी। इस हैकाथॉन की विजेता एफआरसीसी संस्था मुंबई की टीम 4 आई थी, जिसने रॉक सैंपल में मौजूद खनिजों के प्रकार और अनुपात का पता लगाने और उसके लिए विश्लेषण प्रदान करने पर काम किया। उन्होंने ऐसा करने के लिए प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया। एनआईटी रायपुर की टीम नॉट फाउंड ने फायरबेस और कंप्यूटर विजन जैसी तकनीकों से बुजुर्गों का अनुभव बनाने की अपनी परियोजना के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि एनआईटी राउरकेला की टीम एस्टेटाइन सोशल मीडिया एल्गोरिदम डिजाइन करके सेकंड रनरअप बनी।



### रोशनी से जगमग हुई लक्ष्मी-नारायण शोभायात्रा



**रायपुर।** दीपावली के उपलक्ष्य में अमलीडीह स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से शाम को पूजा-आरती के बाद आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर से जुड़े श्री जीजी ग्रुप के युवाओं ने यह शोभायात्रा निकाली। ग्रुप के नीरज साहू ने बताया कि यह पहला अवसर है, जब दीपोत्सव से पहले झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रंगीन लाइट से सजी झांकी को क्रेन के सहारे क्षेत्र भ्रमण के लिए निकाला गया। इसमें बग्घी के साथ ही धुमाल पार्टी के कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। महात्मा गांधी नगर का भ्रमण करने के बाद रात 8 बजे वापस झांकी मंदिर परिसर पहुंची। जहां विधि-विधान से पूजा करने के बाद समापन किया गया। इसमें वार्ड के लोग भी भारी तादाद में उत्साह से शामिल हुए।





























ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM
BULLET 350
BATTALION BLACK
Go back in time with Battalion Black—the new Bullet 350 that features a vintage tail lamp, old-school license plate and the iconic rectangular bench seat.
ROYAL ENFIELD
*T&C Apply
aan
In Front of Lal Ganga Business Park, Near Color's Mall, Raipur
Call: +91 70673 61044, 70004 58393, 98266 35600

## चकल्लस

### शराब की कीमत का चक्कर



छत्तीसगढ़ में शराब की कीमतों को लेकर कई बातें चौंकाने वाली हैं, ये अलग बात है कि पीने-पिलाने वालों को इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। पीना है तो फिर कीमत क्या देखनी। यही कारण होगा कि शराब बेचने वाले ज्यादा कीमत पर बेचकर जेब भर रहे हैं, ऐसे कई मामले पकड़े गए हैं। अब सरकार ने बेवरेज कॉर्पोरेशन को आदेश दिया है कि शराब की हर बोतल पर कीमत बड़े और साफ अक्षरों में लिखी होनी चाहिए, लेकिन इसी आदेश में ये भी साफ किया गया है कि शराब बनाने वाले या बॉटलिंग करने वाले किसी भी बोतल पर शराब की चिल्हर बिक्री की कीमत नहीं लिख सकते। कुछ समझ में आया, शराब की कीमत का चक्कर क्या है?

### इधर जाएं या उधर ...

डेढ़ महीने बकाया चलाचली की बेला में वार्ड मेंबर हैरान, परेशान फिर रहे हैं। एक तो वार्ड के विकास के लिए फंड नहीं मिल रहा, ऊपर से कैनवासिंग करने डंडा, झंडा उठाकर चलने का फरमान मिल रहा। बेचारे सोच नहीं पा रहे कि जनता के पास किस मुंह से जाएं? सड़क, पानी, नाली बनाने का वादा किया। दौड़-धूप कर फाइल चलवाई, पर सब बेकार। न नाली बनी, न सड़क, अब मन में एक ही सवाल, इधर जाएं या उधर।

### चकल्लस की भविष्यवाणी



बीते सोमवार इसी कॉलम में खबरी ने भविष्यवाणी की थी कि एनआरआई कोटे पर चल रहा विवाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद थम जाएगा। ऐसा ही हुआ। क्या हुआ यह कहानी फिर कभी। लेकिन इस मामले में सरकार से चूक हुई। एक मामूली आदेश जारी कर एनआरआई कोटे की सेकंड काउंसिलिंग रोक दी। मतलब पहले राउंड वाले एडमिशन ले सकते हैं दूसरे राउंड वाले नहीं...। सबसे महत्वपूर्ण...अध्यादेश जारी नहीं किया। जब हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो सरकारी पक्ष के पास तर्क ही नहीं थे। फिर जो होना था हो ही गया। मतलब...चाचा, ताऊ, काका, नाना, साला, साली यहां तक सरनेम वालों के बच्चे भी पैसे के दम पर डॉक्टर बन जाएंगे। खैर...सुकून की बात यह है कि माननीय कोर्ट ने कहा है कि अगले साल नए नियम बना सकते हैं।

### भारी पड़ रहीं लेडी डॉक्टर

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश पर मेडिकल कॉलेज में पदस्थ महिला शक्ति भारी पड़ने लगी हैं। आदेश के दौरान त्वरित रूप से इसका विरोध करने वाले पुरुष चिकित्सकों को शासन की सख्ती के आगे घुटने टेकना पड़ गया था। एकमात्र महिला चिकित्सक के हठ के आगे विभागीय अफसर नतमस्तक होते नजर आ रहे हैं। चर्चा है कि विभाग से लेकर सारे मेडिकल कॉलेज में विरोध के बीच एक वरिष्ठ चिकित्सक उनका तबादला रुकवाने के मूड में हैं। उनकी अहमियत जीएमसी सरगुजा के बजाय रायपुर मेडिकल कॉलेज में अधिक साबित करने के लिए प्रायोजित तरीके से विभागीय अधिकारियों के सामने उनकी उपस्थिति दिखाई जा रही है।

### नाम बड़ा, सदस्य संख्या छोटी




भाजपाई होना आसान नहीं है। मतलब ऐसा नहीं है कि चुनाव खत्म हुए और फिर पांच साल तक आराम ही आराम। भाजपा में हर दो चार महीने बाद टास्क मिलता है। बिग बॉस नया-नया आदेश देते हैं और कौन कितना पानी में हैं भांप लेते हैं। अब सदस्यता अभियान को ही लीजिए। पार्टी की ताकत थी तो विधायक और सांसद बन गए। लेकिन अपने दम पर सदस्य बनाने में पसीना आ गया है। खबरी बता रहा था कि हालत यह है कि कई विधायक और सांसद लो प्रोफाइल कार्यकर्ताओं से भी पिछड़ गए हैं। कई ऐसे हैं जिनका नाम बहुत बड़ा है लेकिन काम काफी छोटा। अब कार्यकर्ता उन पर निशाना साध रहे हैं।

### कन्हैया का भाला कलेक्ट्रेट तक

चुनाव के माहौल में नेताओं के बयानों के कई मायने निकाले जाते हैं। टिकट की आस लगाए बैठे एक कांग्रेसी नेता ने अपनी दावेदारी अंत तक नहीं छोड़ी। वे अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए। कुछ लोगों ने बड़े नेताओं को इसकी सूचना दी, तब बड़े नेताओं के मना किए जाने पर वहां से लौट गए। टिकट न मिलने पर सोशल मीडिया में उनकी त्वरित टिप्पणी पर एक खबरनवीस ने पूछ ही लिया कि आपका भाला तो कांग्रेस मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने अपने अंदाज में जवाब दिया, हमने तो जोर लगाया और भाला फेंका, जो कलेक्ट्रेट तक तो पहुंच ही गया था। लोग नहीं रोकते तो अंजाम तक भाला पहुंचाने का पूरा प्रयास था।

### अब घरों की लगा रहे गिनती .....



शहर के चुनाव में दोनों दलों ने अपना पूरा सियासी जोर झोंक दिया है। शहर के इस सीट को कांग्रेसी आज तक नहीं जीत पाए। अब बृजमोहन के हटने के बाद आस लगाए बैठे हैं कि इसे जीत लेंगे। यहां पर सक्रियता को मुख्य रूप से मुद्दा मानते हुए नेता अब गली-गली घूमकर अपनी सक्रियता दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। शहर के छोटे से क्षेत्र में पिछले 40 साल तक कभी इस तरह से प्रचार की बात नहीं आई थी। अब यह पूछा जा रहा है कि इसके पहले प्रचार करने का ट्रेंड कैसा था, ऐसा लग रहा है जैसे पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड प्रभारियों को अपने ही वार्ड तक सीमित कर दिया गया है। रोज उनसे रिपोर्ट ली जा रही है कि वार्ड के कितने घरों तक पहुंचे। बेचारे नेता भी गिनती करने लगे हैं कि वार्ड में कितने घर हैं।

### सब ठीक है जमाई जी?



नेपोटिज्म जब तक खुद के साथ ना हो, तब तक ही बुरा लगता है। दक्षिण वाले जमाई जी के साथ यह हो रहा है तो उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। टिकट मिल तो गई, लेकिन नेपोटिज्म का आरोप भी लग गया। अब आजू बाजू के शुभ चिंतक कह रहे हैं कि टिकट पाने में भी नेपोटिज्म की कोई भूमिका नहीं है। जमाई जी ने सबकुछ अपने दम पर हासिल किया है! प्रमाण के तौर पर नामांकन में सभी दिग्गजों को एक साथ लाकर सबूत भी देने की कोशिश की। यहां तक सब ठीक है। अब वोटर बताएंगे कि क्या सच है क्या गलत। बाकी बातें हैं बातों का क्या। वो वहां और वहां से यहां हो जाती हैं।

### क्या हुआ पापुनि का

पाठ्य पुस्तक निगम का रद्दी कांड बवंडर की तरह अचानक छा गया था। सरकार तक हिल गई और जीएम भी निपट गए। मैडम के नेतृत्व में जांच कमेटी बन गई। पूर्व विधायक दे दनादन छापेमारी करने लगे। लेकिन अचानक...सब तरफ शांति छा गई। न विधायक कुछ बोल रहे हैं न अफसर कुछ कर रहे हैं। क्या हुआ, क्यों हुआ और कैसे हुआ का कोई जवाब नहीं है। खबरी बता रहा था कि खेल दो तरह के होते हैं। एक जो पर्दे के बाहर पब्लिक को दिखाया जाता है। दूसरा जो पर्दे के पीछे खेला जाता है। अब आप खुद तय कीजिए कि कौनसा खेल पहले हुआ और कौनसा बाद में।

### नहीं... नहीं... अभी नहीं

क्या है कि स्कूल संभालने और प्रशासन संभालने में अंतर होता है। जिले वाले साहब को यह बात समझ में नहीं आई। स्कूल ठीक-ठाक चल रहा था तो सोचा की जिला भी संभाल ही लेंगे। सरकार बदली और तगड़ी सेटिंग करते हुए साहब बन बैठे अधिकारी। आजकल अपने स्कूली दिनों को याद कर रहे हैं। यादों में खोए-खोए उन्होंने नया फरमान जारी किया है। कोई भी उनसे नहीं मिल सकता है। कोई मिलने आता है और अपने तुनक मिजाज के कारण साहब नया बखेड़ा खड़ा कर देते हैं। इसलिए किसी से मिलना ही नहीं है। ना रहेगा बांस-ना बजेगी बांसुरी।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# कैबिनेट आज, नई औद्योगिक नीति, विजन-2047 को मिलेगी हरी झंडी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट की बैठक सोमवार को नवा रायपुर के महानदी भवन स्थित मंत्रालय में होगी। इस दौरान धान खरीदी और राज्योत्सव की तैयारियों सहित ओबीसी सर्वे रिपोर्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिलेगी। वहीं राज्य सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति तथा राज्य विकास के लिए मिशन-2047 को हरी झंडी मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में भाजपा सरकार नई औद्योगिक नीति पर निर्णय लेगी। औद्योगिक नीति 2024-2029 में उद्योगों में निवेश करने वाले उद्योगपतियों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा करने के बाद उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए तैयार किए जा रहे मिशन-2047 के प्रावधानों को भी चर्चा के लिए रखा गया है। बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे बनाने की घोषणा की था। मामले में राज्य योजना आयोग की विभागों और अन्य संस्थानों से चर्चा के बाद इसे अंतिम रूप दिया जा चुका है अब कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे लागू किया जाएगा।

## ओबीसी सर्वे रिपोर्ट पर लगेगी कैबिनेट की मुहर

### निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने पर निर्णय

आरक्षण तथा परिसीमन को लेकर अटके पेंच के सुलझने के बाद राज्य सरकार नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराने पर निर्णय ले सकती है। दोनों चुनाव कराने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गई है। चुनाव की आवश्यक तैयारी के लिए जिलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। अब राज्य सरकार को यह निर्णय लेना है कि दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं या पहले जैसे अलग-अलग कराएं।



### धान खरीदी और राज्योत्सव की तैयारी पर चर्चा

राज्य सरकार द्वारा आगामी 14 नवंबर से धान खरीदी किए जाने की घोषणा की गई है। इसके लिए मार्कफेड द्वारा अब तक की गई तैयारियों और फसलों की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। वहीं दीपावली त्योहार के चलते राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर के बजाय 4 से 6 नवंबर तक कराए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्योत्सव को लेकर अब तक की गई तैयारियों को अंतिम रूप देन पर चर्चा होगी।

### ओबीसी सर्वे रिपोर्ट को मिलेगी मंजूरी

नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ओबीसी सर्वे कराया था। राज्य सरकार द्वारा बनाए गए पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। रिपोर्ट को कैबिनेट की बैठक में रखने के बाद इसे लागू किया जाएगा। उसके आधार पर ही चुनाव में वार्डों का आरक्षण तय होगा।

## प्लाट का ज्यादा, मकान का कम क्रेज


# त्योहार के लिए रीयल एस्टेट भी तैयार आसान कर्ज ने मध्यम वर्ग को रिझाया

■ ज्यादा कीमत वाले मकान और प्लाट पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में अब रीयल एस्टेट में बूम आ गया है। लोग धनतेरस, दीपावली के लिए मकान और प्लाट की लगातार बुकिंग करा रहे हैं। मकानों से ज्यादा प्लाट का क्रेज है। खासकर मध्यम वर्ग प्लाट में पैसे लगाना ज्यादा पसंद कर रहा है। वैसे निवेश करने वाले भी महंगे प्लाट में निवेश कर रहे हैं। मध्यम वर्ग अब थोड़े महंगे मकानों की तरफ भी आकर्षित हुआ है। इस समय आसानी से मकानों के लिए 90 फीसदी तक ऋण मिलने के कारण मध्यम वर्ग के लोग भी 40 से 50 लाख तक के मकान खरीद रहे हैं। धनतेरस से लेकर दीपावली तक प्रदेश में हजार करोड़ का रीयल एस्टेट का कारोबार होने की संभावना है। लोगों को खरीदी के लिए त्योहारी सीजन में नवरात्रि, धनतेरस और दीपावली का बड़ा इंतजार रहता है। इनमें लोग मकान भी खरीदते हैं। नवरात्रि में भी लोगों से मकान लिए हैं। इसके बाद कुछ मकान पुष्य नक्षत्र में भी बिके, लेकिन अब लोगों ने धनतेरस और दीपावली के लिए मकानों के साथ प्लाट की भी बुकिंग कराई है। मकानों की तुलना में प्लाट की बुकिंग ज्यादा हुई है। प्रदेशभर में डेढ़ सौ के आसपास मकान ही बुक हुए हैं, वहीं तीन सौ से ज्यादा प्लाट की बुकिंग हो गई है।



### हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

*बिल्डरों के मुताबिक, रीयल एस्टेट में सालभर में 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है। इसमें से आसानी से आठ से दस फीसदी तक का कारोबार धनतेरस और दीपावली में हो जाता है। संभावना है कि प्रदेश में हजार करोड़ का कारोबार आसानी से हो जाएगा। इसमें जहां चार सौ करोड़ के आसपास मकान बिकेंगे, वहीं छह सौ करोड़ के प्लाट बिकेंगे। इस कारोबार में गृह निर्माण समिति और आरएडीए का भी हिस्सा शामिल रहेगा। राजधानी के बिल्डर शैलेश वर्मा और विजय नत्थानी का कहना है कि जिस तरह से मकानों और प्लाट की बुकिंग हो रही है, उससे लग रहा है कि इस बार अच्छा कारोबार होगा।*

### महंगे प्लाट और मकान खरीदने में दिलचस्पी

बिल्डरों का कहना है कि इस समय महंगे मकान के साथ महंगे प्लाट का क्रेज बढ़ गया है। पैसे वाले और निवेश करने वाले जहां एक करोड़ से ज्यादा कीमत वाले बंगले खरीद रहे हैं, वहीं अब मध्यम वर्ग भी 40 से 50 लाख वाले मकान खरीदने में रुचि दिखा रहा है। हालांकि मध्यम वर्ग की ज्यादा पसंद प्लाट है, क्योंकि अगर किसी कारणवश प्लाट का उपयोग नहीं कर पाते हैं तो उसको बेच देते हैं, लेकिन मकान को बेचना आसान नहीं होता और इसकी कीमत में प्लाट की तुलना में कम फायदा होता है। मकान से ज्यादा प्लाट की कीमत में इजाफा होता है। प्लाट में भी जहां मध्यम वर्ग 20 से 30 लाख के प्लाट ले रहे हैं, वहीं अमीर वर्ग एक करोड़ से ज्यादा के प्लाट खरीद रहे हैं।

# राज्य सरकार से मांगेंगे राज्योत्सव का हिसाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार इस बार होने वाले राज्योत्सव में मुंबई के कलाकारों को बुलाकर करोड़ों रूपए खर्च करने वाली है। वहीं स्थानीय लोक कलाकारों को तवज्जो नहीं दी जा रही है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलनकारी इस बार राज्योत्सव पर होने वाले खर्च का हिसाब सरकार से मांगने की बात कह रहे हैं। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल दुबे, प्रभारी जीपी चंद्राकर और संयोजक जागेश्वर प्रसाद ने इस मामले में कहा है कि संगठन इस बार 25वें राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारवार्ता में कहा कि आंदोलनकारी संगठन ने 1 नवंबर वर्ष 2000 से राज्योत्सव मनाना शुरू किया। इसका अनुसरण प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने एक साल बाद किया, यानी सरकार द्वारा 2025 में रजत जयंती मनाई जाएगी। वहीं संघर्ष समिति ने पहले साल से इसका शुभारंभ किया, इसलिए हम राज्योत्सव को रजत जयंती के रूप में इस साल 23 अक्टूबर से प्रदेशभर में मना रहे हैं। रथयात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच जाने के साथ लोक कलाकारों को भी मंच दे रहे हैं। 1 नवंबर को रायपुर के जयस्तंभ, कालीबाड़ी, लाखेनगर, स्टेशन चौक, शास्त्री चौक, कलेक्ट्रेट चौक, भगत सिंह चौक सहित 10 चौक-चौराहों पर रात में आतिशबाजी भी करेंगे।

■ रजत जयंती पर 10 चौराहों पर आतिशबाजी

# डेढ़ दशक में शहर की दुर्गति के लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार

## नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कांग्रेस पर लगाए आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले डेढ़ दशक में शहर की जो दुर्गति हुई है, उसके लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार है। स्मार्ट सिटी के फंड का दुरुपयोग खुलकर किया गया। बिना टेंडर शहर में काम कराए गए। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता के दौरान इस आशय के आरोप कांग्रेस पर लगाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा विकास और कांग्रेस विनाश के लिए कार्य करती है। उन्होंने कांग्रेस के दो पूर्व महापौर किरणमयी नायक और प्रमोद दुबे सहित वर्तमान महापौर एजाज ढेबर पर जनहित तथा विकास कार्य की अनदेखी का आरोप लगाया। पत्रकारों से चर्चा में नगर निगम के पूर्व पार्षद सुभाष तिवारी ने कहा कि भाजपा ने एक योग्य उम्मीदवार के रूप में सुनील सोनी को मैदान में उतारा है। सन 2000 से लेकर आज तक श्री सोनी शहर के विकास में एक सेतु का काम करते रहे हैं। महापौर के रूप में अपने पार्षद साथियों के साथ एक विजन के तहत रायपुर का समग्र विकास उन्होंने किया। तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम 15 साल में कांग्रेस के तीन महापौर मिलकर नहीं करा पाए। पत्रकारवार्ता को भाजपा पार्षद दल प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, पूर्व शहर जिला अध्यक्ष अशोक पांडे ने भी संबोधित किया।

■ स्मार्ट सिटी फंड की राशि का खुलकर हो रहा दुरुपयोग

# भाजपा का सक्रिय और प्राथमिक सदस्यता अभियान अब 15 तक

## अब तक बने 51 लाख सदस्य, 60 लाख का लक्ष्य आसानी से पार करने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है। दीपावली पर तीन दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का सोमवार को अंतिम दिन है। अभियान में पहले और दूसरे दिन बड़ी संख्या में सदस्य बनाए गए हैं।

इस समय सदस्यों की संख्या 52 लाख हो गई है। प्राथमिक सदस्यता अभियान की डेडलाइन 31 अक्टूबर है, लेकिन सक्रिय सदस्यता अभियान 15 नवंबर तक चलना है, ऐसे में फैसला किया गया है कि 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता अभियान भी चलता रहेगा। ऐसा होने से आसानी से 60 लाख का लक्ष्य पार हो जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 2 सितंबर से सदस्यता अभियान प्रारंभ किया है। देशभर में दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो पूरा हो चुका है। प्रदेश भाजपा संगठन को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन यहां पर जिस रफ्तार से सदस्य बने हैं, उसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में लक्ष्य को बढ़ाकर 60 लाख कर दिया था।



File pic

### चलता रहेगा अभियान

सक्रिय सदस्यता के साथ ही 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता अभियान भी चलाने का फैसला किया गया है।

- **अनुराग सिंहदेव,** प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### *एक लाख सक्रिय सदस्य भी बनेंगे*

*प्राथमिक सदस्यता अभियान पहले 16 अक्टूबर तक ही चलना था, लेकिन लक्ष्य प्राप्त न होने पर इसको सक्रिय सदस्यता अभियान के 16 अक्टूबर को प्रारंभ होने के बाद इसे 31 अक्टूबर तक चलाने का फैसला किया गया। अब फिर से इसकी तिथि में इजाफा किया गया है। सक्रिय सदस्यता के लिए एक लाख का लक्ष्य रखा गया है। इसमें जहां हर बूथ में चार-चार सक्रिय सदस्य बनाने हैं, वहीं हर मंडल में दो सौ सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है। सक्रिय सदस्यता के लिए यह जरूरी है कि जो भी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनना चाहते हैं, उनके लिंक से कम से कम 50 प्राथमिक सदस्य बनने चाहिए। इसके बाद मंडलों में सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन करना होगा। जिलों में जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी की अनुशंसा के बाद सक्रिय सदस्य बनेंगे।*

# बलरामपुर कांड पर बोले बैज- राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बलरामपुर के कोतवाली थाने में एनएचएम कर्मी की कस्टोडियल डेथ को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी 3 नवंबर को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन की की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पूरा छत्तीसगढ़ जल रहा है। पहले बलौदाबाजार, कवर्धा, फिर सूरजपुर और अब बलरामपुर, इन घटनाओं का जिम्मेदार आखिर कौन है? बलरामपुर 3 दिन तनाव में था। पीड़ित परिवार से दो घंटे चर्चा हुई। मृतक की मौत आत्महत्या नहीं, हत्या है। चार दिनों तक मृतक और पिता को बंद करके रखा गया था। बलरामपुर में हुई घटना को लेकर कांग्रेस ने उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच की मांग की है।

### मामले की जांच हो रही : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर की घटना को लेकर कहा, महिला गायब हुई थी, उसके पति को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मामले पर जांच की जा रही है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान पर उन्होंने कहा, कांग्रेस के जो बड़े नेता हैं, उन्हें संयम से काम लेना चाहिए और कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। कानून है, सरकार है और कानून जो बोलेगा, उसी के आधार पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


AANDRAYA ENTERPRISES
आप सभी को
धनतेरस, दीपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
ANA
ए.एन.आटोमोबाईल
संचालक
अनुराग सेन
BULL
नया स्वराज
मेरा SWARAJ
TPL agri BULL BACKHOE
दीपावली तक
सभी ग्राहकों के लिए
विशेष ऑफर
MALKIT 997
MALKIT - 997
Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर
SWARAJ 8200
Authorized Distributor:
AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Riapur-493661, Mob. 7089000180, 7089000188
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
7089000188, 9752994668

# पहले चरण में खाली रह गईं 50% सीटें तो फिर से मांगी अर्जी, एम-फार्मा में महज 71 ने दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

फॉर्मेसी पाठ्यक्रम से युवाओं का मोह भंग होते जा रहा है। पहले चरण में 60 फीसदी से अधिक सीटें रिक्त रह जाने के बाद दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए आवेदन छात्रों से मंगाए गए, लेकिन दूसरे चरण में आवेदन करने वाले छात्रों का ही टोटा पड़ गया। हालात ये हैं कि दूसरे चरण में एमफार्मा पाठ्यक्रम का अध्यापन करने सिर्फ 71 विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है। दूसरे चरण के लिए आवेदन 27 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। मेरिट लिस्ट जारी करने सहित प्रवेश व अन्य प्रक्रियाएं सोमवार से प्रारंभ होंगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों की 11 हजार 626 सीटें हैं। इनमें से बीफार्मा और डीफार्मा की 9 हजार 509 सीटें हैं। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 1488 सीटें हैं। एमफार्मा में सबसे कम 629 सीटें हैं। इतने कम संख्या में सीटें होने के बाद भी विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं। इंजीनियरिंग के बाद प्रदेश में फार्मेसी दूसरा पाठ्यक्रम है, जिसके लिए विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं।

- 27 अक्टूबर तक मांगे थे आवेदन, फॉर्मेसी में इस बार नहीं मिल रहे हैं विद्यार्थी
- प्रदेश में 11 हजार 626 सीटें, अब तक सिर्फ 4 हजार 822 में ही दाखिले



### किए गए हैं बदलाव

अन्य पाठ्यक्रमों की तरह फार्मेसी पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये परिवर्तन हुए हैं। हालांकि अन्य कोर्स की तुलना में इसमें कम बदलाव हुए हैं। चूंकि अभी तक सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर सकी हैं, ऐसे में नियमित कक्षाएं दीपावली के बाद ही प्रारंभ होने की संभावना है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी दिसंबर के स्थान पर अगले वर्ष के शुरुआती माह में होगी।

### प्रथम चरण में ऐसी थी स्थिति

प्रथम चरण में बीफार्मा और डीफार्मा की 4 हजार 247 सीटें ही भर सकी थीं, जो सीट संख्या की आधी भी नहीं है। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के जरिए 438 प्रवेश ही हुए। एमफार्मा में 438 विद्यार्थियों ने दाखिले लिए। कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे, जहां एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के तहत 29 अक्टूबर को आवंटन लिस्ट जारी होगी। जबकि 4 से 11 नवंबर तक प्रवेश होंगे। दूसरे चरण के लिए सबसे कम आवेदन एमफार्मा में मिले हैं। इसके लिए सिर्फ 71 छात्रों ने आवेदन किया है। बीफार्मा और डीफार्मा के लिए 1 हजार 435 ने फॉर्म भरे हैं। बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 75 आवेदन मिले हैं।

## खबर संक्षेप



### बिरगांव में सीएम और गृहमंत्री का पुतला दहन

रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर कांग्रेस रायपुर द्वारा बिरगांव ब्यास तालाब चौक पर रविवार को मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों में, रायपुर जिला ग्रामीण के पदाधिकारियों ने बिरगांव स्थित व्यास तालाब के पास पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही है। प्रदेश के गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध में नारे लगाए। इस दौरान पुलिस ने पुतले छीनने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेसी पुतले जलाने में सफल रहे। पुतला दहन कार्यक्रम में बिरगांव महापौर नंदलाल देवागन, अध्यक्ष ब्लॉक योगेंद्र सोलंकी, उबरन दास, रानी गोस्वामी, सिन्हा दिलदार, राजेंद्र मिश्रा, जिया फारूकी, बाबा खान, दाऊलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

### औसतन दो दिन में एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे बदमाश

# शहर और आसपास 27 दिनों में चोरी की 14 बड़ी वारदातें, दुकान-घरों में लगाई सेंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लूट, हत्या जैसी गंभीर वारदातों को सुलझाने वाली पुलिस चोरों के सामने बेबस नजर आ रही है। शहर में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं। महज कुछ मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस चोरों के कब्जे से माल बरामद कर पाती है। बड़ी चोरी की घटनाओं में शामिल चोर अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। राजधानी के आउटर के साथ शहरी थाना क्षेत्रों में 27 दिनों के भीतर 14 बड़ी चोरियों की वारदातें हुई हैं। इन चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों ने कैश, सोने-चांदी के जेवर सहित 21 लाख रुपए के ज्यादा के सामान पर हाथ साफ किया है।

पुलिस से मिले डाटा के मुताबिक, लोगों के घरों में धावा बोलकर चोरों ने दो दर्जन के करीब चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनमें 14 चोरी की घटनाओं में चोर एक लाख रुपए से ज्यादा कैश समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटनाओं को सुलझाने संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम जांच कर रही है। बावजूद इसके बड़े मामले के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### बदमाशों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस अफसर पुराने बदमाशों की हिस्ट्री खंगालने के साथ ही उनके लोकेशन को ट्रेस कर रही है। साथ ही इस बात की जानकारी जुटा रही है कि हाल के दिनों में चोरी के प्रकरण में जेल में बंद बदमाश जेल से कब छूटे हैं। बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम पुराने शातिर चोरों को तलब कर पूछताछ कर रही है।

### एक ही रात में दो दुकानों के ताले टूटे

सेजबहार थाना क्षेत्र के डूंडा में चोरों ने चार दिन पूर्व दो दुकानों का ताला तोड़ एक लाख रुपए से ज्यादा कैश सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी की घटना को 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात अंजाम दिया गया था। इसी तरह गोलबाजार थाना क्षेत्र में चोरों ने फौवारा चौक स्थित प्रदीप अग्रवाल की दुकान पर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात दुकान से लगी धर्मशाला की खिड़की का शीशा तोड़ छत के दुकान में प्रवेश किया और कैश एक लाख 60 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर के घर पांच लाख की चोरी, चोरों का अब तक पता नहीं**





### स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका

पुलिस के अनुसार, अब तक चोरी के जो मामले सामने आए हैं, उनमें ज्यादातर मामलों में स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका है। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक, चोरी के मामलों की पड़ताल की जा रही है। कई चोरी के मामलों में पुलिस अफसर ने चोरों के बारे में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने के दावा किया है।

### अफसर के घर पांच लाख की चोरी, अब तक सुराग नहीं

सेजबहार थाना क्षेत्र के कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज जैसी हाईप्रोफाइल कॉलोनी में रहने वाले केंद्रीय गृहमंत्रालय के अफसर प्रवीण कुमार सिवान के सूने मकान में हुई चोरी की घटना को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। प्रवीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था। इस दौरान अज्ञात चोर उसके सूने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, नकदी समेत पांच लाख रुपए के ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

# महज चार हजार रुपए लेन देन के विवाद पर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- उपचार के दौरान हुई मौत
- घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महज चार हजार रुपए लेन-देन के विवाद पर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना चार दिन पूर्व 24 अक्टूबर की है। आरोपी ने मृतक की बहन को पैसे नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के बाद आरोपी ने रास्ता रोककर युवक पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया था।

पुलिस के मुताबिक, रमेंद्र निषाद की हत्या के आरोप में भीमा सारथी को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की बहन युक्ति ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को शाम छह बजे भीमा उनके घर आया और युक्ति को उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के एक घंटे बाद युक्ति को जानकारी मिली कि उसके भाई को भीमा ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जानकारी मिलने के बाद उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान रमेंद्र की मौत हो गई।

### अनिल को पीएचडी की उपाधि



रायपुर। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के दीक्षांत प्रांगण में 16 अक्टूबर को हुआ। कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष मध्य प्देश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र अनिल कुमार शुक्ला को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। श्री शुक्ला ने 'बघेलखण्ड की पत्रकारिता में लोकजीवन : एक अध्ययन' विषय पर अपना शोधकार्य संपन्न किया है। वे वर्तमान में रायपुर में रहते हुए छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं।

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल छग का नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल घोषित



रायपुर। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल को प्रतिष्ठित एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा छत्तीसगढ़ के नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल के रूप में मान्यता दी गई है। यह पुरस्कार न केवल इसे राज्य का शीर्ष स्कूल बनाता है, बल्कि रायपुर का भी नंबर 1 स्कूल घोषित करता है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग दुनिया की सबसे बड़ी और गहन स्कूल रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण है, जिसमें देशभर के 8,500 से अधिक विशेषज्ञों से साक्षात्कार कर यह रैंकिंग दी जाती है। दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्या, जयश्री नायर और उप-प्रधानाचार्या, नेहा सेठी ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

**एसी ब्लास्ट मामला**

# शार्ट पीएम में पुष्टि- दम घुटने से हुई दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट की घटना में संचालक आरिफ मंजूर खान तथा ऑफिस स्टाफ मुस्कान की मौत दम घुटने की वजह से होने की पुष्टि शार्ट पीएम की रिपोर्ट में हुई है। घटना के दूसरे दिन फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम दूसरी बार घटनास्थल की जांच करने पहुंची।

गौरतलब है कि देवेंद्र नगर सेक्टर-1 में एसी ब्लास्ट की घटना हुई थी। जिस बिल्डिंग में यह घटना हुई थी, उसके नीचे के माले पर कोचिंग सेंटर संचालित था। एसी से आग निकलते देख आरिफ ने कोचिंग में पढ़ने आए बच्चों को सुरक्षित निकल जाने के लिए कहा। इसके बाद आरिफ अपने स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकालने अपने ऑफिस के अंदर दाखिल हुआ। उसी समय ऑटोमैटिक डोर तथा खिड़की लॉक हो गए और एसी में धमाके के साथ विस्फोट हो गया। एसी ब्लास्ट होने की वजह से आरिफ तथा मुस्कान झुलस गए। आशंका जताई जा रही थी कि दोनों की मौत झुलसने से हुई होगी, लेकिन शार्ट पीएम रिपोर्ट में दोनों की मौत दम घुटने से होने की पुष्टि की गई है।


ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट, संचालक समेत दो की मौत

- शनिवार देर शाम शार्ट सर्किट से एसी में हुआ था विस्फोट
- बिल्डिंग में नहीं था फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम

### बिल्डिंग में होम्योपैथिक क्लीनिक भी

देवेंद्र नगर के सेक्टर-1 में जिस बिल्डिंग में एसी ब्लास्ट की घटना हुई। वह बिल्डिंग एक गलीनुमा जगह पर स्थित है। पुलिस के अनुसार, यह तीन फ्लोर की कमर्शियल बिल्डिंग है, जहां होम्योपैथिक क्लीनिक के अलावा कोचिंग सेंटर तथा ऑटोमेशन आर्ट का ऑफिस संचालित है।

### मकान मालिक को नोटिस देने की तैयारी

बिल्डिंग के अंदर दाखिल होने गलीनुमा एक संकरा रास्ता है। इसके अलावा बिल्डिंग में किसी भी तरह के फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम नहीं है। इसे देखते हुए एएसपी सिटी लखन पटले ने मकान मालिक को नोटिस देने की बात कही है।

# राजधानी की तर्ज पर अब रायगढ़ में भी बनेगा नालंदा परिसर, एनटीपीसी से 42.56 करोड़ का एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायगढ़ में नालंदा परिसर के निर्माण के लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह नालंदा परिसर हमारी नई पीढ़ी के विकास और रायगढ़ को एजुकेशन हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना हम सबका सपना है, जिसमें आने वाली पीढ़ी का सक्रिय योगदान होगा और नालंदा परिसर इसके लिए मजबूत बुनियाद तैयार करने का कार्य करेगा। एनटीपीसी के सहयोग से नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने ज्ञान आधारित समाज के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि आने वाला समय ज्ञान पर आधारित होगा। रायपुर में जब से नालंदा परिसर बना, तब से वहां पूरे शहर के छात्र-छात्राएं वहां पढ़ने आते हैं। रे प्रदेश में 22 नालंदा परिसर निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

- एनटीपीसी के सहयोग से किया जाएगा निर्माण

*लाइब्रेरी में होंगी ये सुविधाएं : नालंदा परिसर लाइब्रेरी 24/7 स्टडी जोन होगा, जहां 500 से अधिक बच्चे एक साथ पढ़ सकेंगे। 25 हजार किताबों के संग्रह के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। तीन कॉन्फ्रेंस हॉल के साथ कैफेटेरिया भी होगा। सिविल सर्विसेज के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट की तैयारी के साथ मैथ्स ओलिंपियाड के लिए भी किताबें यहां होंगी। कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होगा। 100 से अधिक कंप्यूटर के साथ इंटरनेट के लिए वाई-फाई की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। 5वीं के बाद बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए तैयारी के लिए एक किड्स स्टडी जोन भी अलग से तैयार होगा। जहां उनके सिलेबस के अनुसार किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम को नेताप्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी व सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, रमेश भगत, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी, ईडी एनटीपीसी अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।*

# बाजारों और प्रमुख मार्गों की सफाई दो पालियों में कराने निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- त्योहारी सीजन में रात को निगम कर्मचारी सड़कों से उठा रहे कचरा
- जोन गैंग के साथ सेंट्रल गैंग की टीम सफाई में करेगी मदद

शहर के व्यावसायिक इलाकों, बाजार क्षेत्रों सहित प्रमुख मार्गों को साफ-सुथरा रखने निगम प्रशासन अब दो पाली में सफाई कराने जा रहा है। इस कार्य में संबंधित जोन की जोन गैंग और निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग की टीम लगाई जाएगी, ताकि दीपावली त्योहार के दौरान नियमित रूप से कूड़ा-करकट का समय रहते परिवहन हो सके। मालवीय रोड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार सहित अन्य इलाकों में सुबह के अलावा रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था बनाने की तैयारी है।

दीपावली त्योहार के समय व्यावसायिक इलाकों व बाजारों में निकलने वाले कचरे की बहुतायत देखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पखवाड़ेभर अब दो पाली में सफाई पर फोकस कर रहा है। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम जोन 2, जोन 4 और जोन 7 क्षेत्र स्थित व्यावसायिक इलाके और प्रमुख मार्गों सहित प्रमुख बाजारों की सफाई पर विशेष ध्यान देने संबंधित जोन के जेडएचओ को निर्देशित किया गया है कि सुबह और देर शाम सफाई मित्रों की मदद से दो पाली में सफाई कराई जाए।

इसके लिए प्रत्येक जोन में 15 सफाई कर्मचारियों को जोन गैंग के रूप में रखा गया है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर संबंधित जोन की मांग पर सफाई कार्य में सहयोग करने सेंट्रल गैंग से भी सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 10 जोन में प्लेसमेंट से 150 सफाईकर्मी

नगर निगम के दस जोन में 150 सफाई कर्मचारी जोन गैंग के नाम पर प्लेसमेंट में रखे गए हैं। इसी तरह निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग टीम अलग से है, जिसमें 43 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 11 सफाई कर्मचारी की ड्यूटी वीआईपी इलाके की साफ-सफाई के लिए सुरक्षित है, जबकि 32 कर्मचारियों को बड़े आयोजनों सहित जोन स्तर पर सफाई की आवश्यता पड़ने पर उपलब्ध कराया जाता है।

# मॉडल स्टेशन में होंगी आधुनिक सुविधाएं, वायु और ध्वनि प्रदूषण से भी मिलेगी राहत, मशीन से जांच करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में रायपुर और दुर्ग स्टेशन का मॉडल स्टेशन के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा। विभिन्न चरणों में यह कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। रेलवे गुढ़ियारी की तरफ कई पुरानी बिल्डिंग में तोड़फोड़ शुरू कर चुका है। सामने की ओर जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। रविवार को स्टेशन पुनर्विकास कर रही ठेका कंपनी ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की मशीन के जरिए जांच की। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि मॉडल स्टेशन पर यात्रियों को केवल आधुनिक सुविधाएं ही नहीं, बल्कि ध्वनि और वायु प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में स्टेशन परिसर का शोर मापदंड से अधिक है। वायु में ही धूल और राख अधिक पाई गई है। मॉडल स्टेशन को इस तरह विकसित किया जाएगा कि ध्वनि और वायु अपने मापदंड से अधिक न हों। मशीन के जरिए सैंपल लिया गया है, जिसकी लैब जांच होगी। ठेका कंपनी का कहना है कि एयरपोर्ट पर अत्यधिक शोर सुनाई नहीं देता, इसके पीछे बिल्डिंग की बनावट होती है, जिससे आवाज कानों में चुभती नहीं है।



*74 टॉयलेट और 12075 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेल्टर : रायपुर स्टेशन का मेजर री-डेवलपमेंट लगभग 482.48 करोड़ का है। स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्था होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ ,10 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 300 किलोवाट पॉवर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 26 कोच इंडिकेशन बोर्ड, 74 टॉयलेट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवरब्रिज, 40 वाटर कूलर, 42 लिफ्ट, 3512 स्क्वायर मीटर पार्सल एरिया, 12075 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 10 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 16 एस्केलेटर लगाए जाने हैं।*

### बस्तर-छत्तीसगढ़ आर्ट से सजेगा स्टेशन

स्टेशन में रिजर्व लॉज, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब, कोनकोर्स एरिया, बस्तर छत्तीसगढ़ी आर्ट से सुसज्जित होगा। रायपुर स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से उन्नत होगा। वर्तमान समय में रायपुर स्टेशन पर लगभग 50 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या और बढ़ने को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधाएं उन्नत की जा रही हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे। रायपुर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिए आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही उन्हें यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

